# एक्सपोर्टर्स ने ट्रेड शो को बताया बेहतरीन प्लेटफॉर्म, योगी सरकार को जमकर सराहा

## करोड़ों के ऑर्डर पाकर उत्साहित हुईं एक्सपोर्ट कंपनियां

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित उत्?तर-प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में करोड़ों के ऑर्डर पाकर एक्सपोर्ट कंपनियां बहुत खुश हैं। अधिकांश एक्?सपोर्ट कंपनियां ऐसी रहीं, जिन्हें उम्मीद से ज्यादा ऑर्डर मिले। यहां तक कि कई स्टार्टअप्स को भी करोड़ों के ऑर्डर मिले हैं, जिससे ऐसे नए कारोबारियों की खुशी का ठिकाना नहीं है। खासकर, अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डर मिलने से तो एक्सपोर्टर्स में अच्छा-खास उत्?साह देखने को मिला। कारोबार को कई गुना बूम मिलने की वजह से उन्?होंने ट्रेड शो जैसा अंतर्राष्?ट्रीय आयोजन करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार की जमकर सराहना की।

ट्रेड शो में पहले ही दिन ही एक्सपोर्टर्स को अच्छा-खासा रिस्पांस मिलने लगा था, लेकिन शनिवार और रविवार को कारोबारी इतने व्यस्त रहे कि उन्हें या तो ऑर्डर-पर-ऑर्डर मिल रहे थे या फिर उनके स्टॉल्स पर बॉयर्स की काफी भीड़ जुट रही थीं। ऐसे में, उन्होंने न केवल स्टॉल से अपना कारोबार किया, बल्कि ऑर्डर मिलने से भी उनके कारोबार को नई गति मिली। लिहाजा, ट्रेड शो ने उनके कारोबार के लिए नए द्वार खोले। एक्सपोर्ट पवेलियन में हर तरह की कंपनियों को बॉयर्स का अच्छा-खासा रिस्पांस मिला।

वाटर कूलर, डीप फ्रीजर, कॉमर्शियल रेफरेजेटर व इससे संबंधित उत्पादों का कारोबार करने वाली बिरला एयरकॉन को 100 करोड़ का ऑर्डर मिला। इससे कंपनी के प्रतिनिधियों की खुशी का ठिकाना नहीं है। कंपनी के प्रबंध निदेशक पीके जैन ने कहा, 100 करोड़ का ऑर्डर इस ट्रेड शो जैसे आयोजन की वजह से ही संभव हो पाया। उन्?होंने कहा कि हमने पिछले साल भी ट्रेड शो में अपना स्?टॉल लगाया था, जब हमें 50 करोड़ के ऑर्डर मिले थे, लेकिन इस बार पिछले साल से दोगुना कारोबार करने की हमें बहुत खुशी है। उन्?होंने कहा कि प्रदेश को कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में प्रदेश की योगी सरकार की पहल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बनारस गुलाबी मीनाकारी को इस ट्रेड शो में पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है, जिससे कारोबारियों की खुशी का ठिकाना नहीं है। कारोबारी रोशन विश्वकर्मा ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म इतना बड़ा हो सकता था, इसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिनों के दौरान उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं, इसमें एक रानी हार बनाने का भी ऑर्डर शामिल है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की जितनी सराहना की जाए कम है।